**बीएचईएल एनटीपीसी के 3x800 मेगावाट तेलंगाना स्टेज- II सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट के लिए सफल बोलीदाता के रूप में उभरा**

नई दिल्ली, 12 नवंबर: भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल), एनटीपीसी लिमिटेड के तेलंगाना स्टेज- II सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट (3x800 मेगावाट) के मुख्य संयंत्र पैकेज की स्थापना के अनुबंध में सफल बोलीदाता के रूप में उभरा है।

इस अनुबंध के तहत, बीएचईएल के कार्य क्षेत्र में डिजाइन, इंजीनियरिंग, विनिर्माण, आपूर्ति, निर्माण, कमीशनिंग और सिविल निर्माण शामिल हैं। वर्तमान में, बीएचईएल को इस सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट के लिए मुख्य संयंत्र पैकेज के बुनियादी इंजीनियरिंग कार्य शुरू करने के लिए एनटीपीसी लिमिटेड से आगे बढ़ने के लिए सीमित नोटिस (एलएनटीपी) प्राप्त हुआ है।

यह परियोजना एनटीपीसी के साथ बीएचईएल की साझेदारी को और मज़बूत करती है, जहां बीएचईएल ने देश भर में एनटीपीसी के थर्मल पावर परियोजनाओं में 57% से अधिक का योगदान दिया है।

भारत के अग्रणी बिजली उपकरण निर्माता के रूप में, देश भर में 1,68,000 मेगावाट से अधिक यूटिलिटी विद्युत क्षमता स्थापित करने के साथ, बीएचईएल भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मज़बूत करने और पावर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के देश के लक्ष्य में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

*****